प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्ष के सदस्यों का वेल में हंगामा, प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग।
2. मैट्रिक के प्रश्न पत्र लीक मामले में कार्रवाई तेज, कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से छह लोगों को किया गिरफ्तार।
3. एनसीसी कैडेट और एनएसएस वालेंटियर्स के लिए राजभवन में आयोजित हुआ एट होम कार्यक्रम, राज्यपाल ने कहा– युवाओं से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना।
4. रांची में आज सुबह महसूस किये गये भूंकप के झटके, ओडिसा और कोलकाता में भी डोली धरती।
5. रांची में चल रही 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में केरल को हराकर झारखंड की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे संस्करण निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उदघाटन किया। सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भी कई वैश्विक विशेषज्ञ भारत के तेज विकास को लेकर आश्वस्त हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट पर होते ही विपक्ष के विधायक सदन  वेल में आ गये और हंगामा करने लगे। विपक्ष मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे थे। स्पीकर ने अनुरोध किया कि सदन की कार्यप्रणाली को पटरी में रहने दें। इसके बाद प्रश्न काल शुरु हुआ।

*******************

मैट्रिक के प्रश्न पत्र लीक मामले में कोडरमा पुलिस ने आज गिरिडीह से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कोडरमा के एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जांच के क्रम में नगर थाना क्षेत्र के बरगंडा में आज सुबह छापेमारी कर प्रश्न पत्र लीक मामले के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

*******************

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले राज्य के एनसीसी कैडेट और एनएएस वोलेंटियर के लिए आज राजभवन में एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है उसे देश के युवाओं को ही साकार करना है।

मौके पर बिहार–झारखंड एनसीसी निदेशालय के एडीजी मेजर जेनरल एएस बजाज समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मेजर जनरल एएस बजाज ने बताया कि पूरे देश में तीन लाख एनसीसी कैडेट की संख्या बढायी जायेगी, जिनमें साढ़े छह हजार झारखंड के कैडेट होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए युवाओं को आने बढ़ाने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में  38 एनसीसी कैडेट ने हिस्सा लिया था, जिनमें 11 महिला कैडेट शामिल थीं। आठ एनएसएस कार्यकर्ता भी गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्सा थे। आज के कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सभी एसीसी कैडेट और एनएसएस वोलेंटियर को सम्मानित किया।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। उधर बाबानगरी देवघर में आज पंचशूलों की विशेष पूजा–अर्चना की गयी और पुनः उन्हें मंदिरों के शिखर पर लगाया गया। पुरोहित बाबा झा ने बताया कि पंचशूलों को मंदिरों के शिखर पर स्थापित करने से पहले विधि–विधान से पूजा अर्चना की गयी।

इस बीच आज जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने अन्य पदाधिकारियों और शिवरात्रि महोत्सव समिति के सदस्यों के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल और रुट लाइन का जायजा लिया।

*******************

उधर, कोडरमा के ध्वजाधारी आश्रम में कल से शुरू होने वाले शिवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को सुबह 10 बजे महोत्सव का उदघाटन महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि शिवरात्री के मौके पर यहां दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमे लाखों की संख्या में शिवभक्त यहां पहुंचते है।

*******************

रामगढ़ जिले में सभी विद्यालयों के स्कूल बसों के फिटनेस जांच के लिए विशेष अभियान शुरु किया गया है।

*******************

झारखंड की राजधानी रांची में आज सुबह करीब छह बजकर दस मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गये। हालांकि इसमें किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी था। रांची के अलावा कोलकाता में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- झारखंड स्टेट पोल्युशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा आज रांची में जीरो कार्बन एमिशन इनिशिएटिव पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।
- लिंक रेक के विलम्ब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या एक आठ छह दो चार हटिया–इस्लामपुर एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय शाम सात बजकर दस मिनट की जगह रात दस बजकर चालीस मिनट पर प्रस्थान करेगी।

*******************

रांची के होटवार स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में केरल को हराकर झारखंड की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। झारखंड ने केरल को 25–10 से पराजित किया।

****************